>

Title: Need to provide Rake Point Facility at Modasa Railway Station in Sabarkantha Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री महेन्द्रसिंह पी. चौहाण (साबरकांठा): मेरा संसदीय क्षेत्र साबरकांठा एक आदिवासी एवं आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों का क्षेत्र हे जो कि आज आजादी के 64 सालों के बाद भी विकास की दृष्टि से पिछड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में रेलवे का विकास न होने के कारण ज्यादा उद्योग नहीं लगे हैं तथा पूरा क्षेत्र आजीविका हेतु कृषि एवं पशुपालन पर निर्भर करता है।

हमारे क्षेत्र में रेल सेवाओं की कमी है तथा जो रेल सेवाएं उपलब्ध हैं उनकी स्पीड बहुत कम है। क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी गुड्स रैक पाइन्ट फेसिलिटी भी पूरे क्षेत्र में नहीं है। 25 लाख से अधिक आबादी वाले इस क्षेत्र में जीवनोपयोगी सामग्री तथा कृषि से संबंधित खाद तथा अन्य वस्तुं अन्य क्षेत्रों से सड़क मार्ग द्वारा लाई जाती हैं जो कि हर समय वाहन उपलब्ध नहीं होने से समय पर नहीं पहुंच पाती है और यह आवागमन काफी खर्चीला होता है।

मेरा सरकार से आग्रह है कि मेरे संसदीय क्षेत्र में मोडासा रेलवे स्टेशन पर " रैक प्वाइंट " की सुविधा प्रदान की जाए। मैंने रेलवे विभाग के सामने यह मांग रखी थी, लेकिन इस पर कोइ सकारात्मक जवाब नहीं मिला। इसकी वजह से स्थानीय लोग आक्रोशित है तथ जन-आंदोलन करने की सोच रहे हैं। मेरा सरकार से निवेदन है कि संबंधित रेल अधिकारियों को तत्काल निर्देशित कर उपरोक्त क्षेत्र को रेक प्वाइंट फेसिलिटी प्रदान करें।